# एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग में जीजेयू 88वें स्थान पर, विवि का फार्मेसी डिपार्टमेंट 27वें पर

## रैंकिंग में देशभर के 1657 शिक्षण संस्थानों ने लिया था भाग

**भास्कर न्यूज** | हिसार

नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ 2021 में जीजेयू को देशभर में 88वीं रैंक मिली है। इस रैंकिंग में जीजेयू के फार्मेसी विभाग को 27वीं रैंक मिली है। यूनिवर्सिटी के बीते साल के रैंक से इस बार सुधार हुआ है। एनआईआरएफ 2020 की रैंकिंग में जीजेयू की 94वीं रैंक थी, जबकि बीते साल फार्मेसी डिपार्टमेंट का रैंक 31वीं रही।

उधर, बुधवार को जारी अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूसंश ऑफ इनोवेशन एंड एचीवमेंटस में टॉप 10 विवि की जारी सूची में जीजेयू का स्थान नहीं है। एनआईआरएफ रैंकिंग में 11 पैरामीटर लिए गए हैं। जिसमें ओवरऑल, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, कॉलेज, मेडिकल, लॉ, आर्किटेक्चर, कॉलेज और डेंटल शामिल हैं।

फार्मेसी डिपार्टमेंट को देशभर में 27वीं रैंक हासिल हुई है। आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि बीते छह साल से यूनिवर्सिटी को एनआईआरएफ रैंकिंग में जगह मिल रही है। पांच साल से विवि का फार्मेसी डिपार्टमेंट देशभर के टॉप 50 संस्थानों में जगह बना रहा है।

बीते साल रैंक 94वीं थीं, जबकि इस साल 88वीं रही है। 2021 की रैंकिंग में देशभर के 1657 इंस्टीट्यूशन ने हिस्सा लिया।



# गुजवि में अगले चरण के लिए पुनः प्रत्यायन एवं पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रक्रिया शुरु

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 2 दिसम्बर : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन के लिए एक बार फिर तैयार है। लगातार तीन बार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय ने अगले चरण के नैक मूल्यांकन के लिए प्रक्रिया आरम्भ कर दी है। विश्वविद्यालय का वर्तमान नैक मूल्यांकन चरण इस महीने पूरा हो रहा है। विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (आईआईक्यूए) बुधवार को ऑनलाइन प्रस्तुत कर दी है। प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने बताया कि नैक प्रत्यायन संस्थान की शिक्षा, अनुसंधान, संकाय, आधारभूत संरचना आदि के संदर्भ में गुणवत्ता की पहचान करता है। साथ ही विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाता है कि वे एक उत्तम संस्थान का चयन कर रहे हैं। यह एक संस्थान को तत्काल विश्वसनीयता देता है और संस्थान में प्रवेश को बढ़ावा देता है। प्रो. काम्बोज अगले चरण के लिए नैक स्कोर में सुधार के प्रति अत्यंत आश्वस्त हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले विश्वविद्यालय को पहली बार 2002 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से मान्यता दी गई थी। उसके बाद विश्वविद्यालय ने हर बार बेहतर स्कोर के साथ लगातार 'ए' ग्रेड हासिल किया है। प्रो. काम्बोज ने इस अवसर पर समस्त विश्वविद्यालय



परिवार को बधाई दी और कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि विश्वविद्यालय के हितधारकों के अनुसंधान, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास में निरंतर कठिन प्रयास निश्चित रूप से इस बार उच्च रैंक हासिल करने में विश्वविद्यालय की मदद करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि पहले गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (आईआईक्यूए) को नैक द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है। इसके बाद 2020 तक के पिछले पांच शैक्षणिक वर्षों के लिए संस्थान के मात्रात्मक डेटा और गुणात्मक डेटा से युक्त स्व-अध्ययन रिपोर्ट डेटा प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न पहलुओं के सात मानदंडों में मात्रात्मक डेटा प्रस्तुत किया जाना है। इस अवसर पर इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल, अधीक्षक शिशुपाल सैनी व विनोद गुलाटी उपस्थित रहे।

# जीजेयू ने नैक मूल्यांकन के लिए तैयारी की शुरू, आईआईक्यूए को भेजी रिपोर्ट

## विवि को पहली बार 2002 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से दी गई थी मान्यता

**भास्कर न्यूज | हिसार**

जीजेयू ने नैक मूल्यांकन के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ नैक मूल्यांकन चरण इस माह में पूरा किया जाएगा। इसको लेकर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने नैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना बुधवार को ऑनलाइन प्रस्तुत की।

इस दौरान उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी नैक मूल्यांकन के लिए एक बार फिर तैयार है। लगातार पिछली तीन बार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त कर रहा है। नैक प्रत्यायन संस्थान की शिक्षा, अनुसंधान, संकाय, आधारभूत संरचना आदि के बारे में गुणवत्ता की पहचान करता है। साथ ही विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाता है कि वे एक उत्तम संस्थान का चयन कर रहे हैं। यह एक संस्थान को तत्काल विश्वसनीयता देता है और संस्थान में प्रवेश को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी को पहली बार 2002 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से मान्यता दी गई थी। उसके बाद बेहतर स्कोर के साथ लगातार 'ए' ग्रेड हासिल किया है। वर्तमान में यूनिवर्सिटी का स्कोपस एच-इंडेक्स 95 है, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। साथ ही कुल स्कोपस साइटेशन 54000 से अधिक हैं, जो अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दूसरी ओर कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि पहले गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (आईआईक्यूए) को नैक द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है। इसके बाद 2020 तक के पिछले पांच शैक्षणिक वर्षों के लिए संस्थान के मात्रात्मक डेटा और गुणात्मक डेटा से युक्त स्व-अध्ययन रिपोर्ट डेटा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ विभिन्न पहलुओं के सात मानदंडों में मात्रात्मक डेटा प्रस्तुत किया जाना है। इस दौरान इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल, अधीक्षक शिशुपाल सैनी व विनोद गुलाटी मौजूद रहे।

# जीजेयू ने नैक मूल्यांकन के लिए तैयारी की शुरू, आईआईक्यूए को भेजी रिपोर्ट

## विवि को पहली बार 2002 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से दी गई थी मान्यता

**भास्कर न्यूज** | हिसार

जीजेयू ने नैक मूल्यांकन के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ नैक मूल्यांकन चरण इस माह में पूरा किया जाएगा। इसको लेकर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने नैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना बुधवार को ऑनलाइन प्रस्तुत की।

इस दौरान उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी नैक मूल्यांकन के लिए एक बार फिर तैयार है। लगातार पिछली तीन बार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त कर रहा है। नैक प्रत्यायन संस्थान की शिक्षा, अनुसंधान, संकाय, आधारभूत संरचना आदि के बारे में गुणवत्ता की पहचान करता है। साथ ही विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाता है कि वे एक उत्तम संस्थान का चयन कर रहे हैं। यह एक संस्थान को तत्काल विश्वसनीयता देता है और संस्थान में प्रवेश को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी को पहली बार 2002 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से मान्यता दी गई थी। उसके बाद बेहतर स्कोर के साथ लगातार 'ए' ग्रेड हासिल किया है। वर्तमान में यूनिवर्सिटी का स्कोपस एच-इंडेक्स 95 है, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। साथ ही कुल स्कोपस साइटेशन 54000 से अधिक हैं, जो अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दूसरी ओर कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि पहले गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (आईआईक्यूए) को नैक द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है। इसके बाद 2020 तक के पिछले पांच शैक्षणिक वर्षों के लिए संस्थान के मात्रात्मक डेटा और गुणात्मक डेटा से युक्त स्व-अध्ययन रिपोर्ट डेटा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ विभिन्न पहलुओं के सात मानदंडों में मात्रात्मक डेटा प्रस्तुत किया जाना है। इस दौरान इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल, अधीक्षक शिशुपाल सैनी व विनोद गुलाटी मौजूद रहे।

# जीजेयू को मिला 301 से 350 रैंक बैंड में स्थान

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 11 मार्च : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग इकोनोमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 301 से 350 रैंक बैंड में स्थान मिला है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह रैंकिंग पांच मापदंडों पर अधारित थी। कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 89 है जो कि क्षेत्र में सर्वाधिक है तथा सकोपस साइटेशन 50000 के लगभग हैं, इन्होंने अन्य मापदंडों के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि दा टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड युनिवर्सिटी रेंकिंग 2021 में विश्वविद्यालय ने पहले भी 801 से 1000 रेंक बैंड में स्थान हासिल किया है। इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय को ओवर ऑल केटेगरी 25.1 से 30.1 स्कोर मिला था।

# GJUST 88TH IN NIRF RANKINGS

**Hisar:** Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar (GJUST) has emerged as the one of the top ranking university in the state in the National Institutional Ranking Framework (NIRF) announced by the Ministry of Education, Government of India in the NIRF Ranking 2021. The university has secured 88th rank in the university category and 27th rank in the pharmacy category. With these rankings, the university has been again included in top 100 and top 50 rankings in the university category and the pharmacy category, respectively.

**उपलब्धि** गुजवि ने टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग इकॉनोमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पाया मुकाम

## गुजवि को 301 से 350 रैंक बैंड में मिला स्थान

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग इकॉनोमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 301 से 350 रैंक बैंड में स्थान मिला है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह रैंकिंग पांच मापदंडों पर अधारित थी। जिसमें से टीचिंग तथा रिसर्च का 30-30 फीसद तथा साईटेशन का 20 फीसद मूल्यांकन निर्धारित था। इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल आऊटलुक और औद्योगिकी आय का 10-10 फीसद मूल्यांकन था। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि एमरजिंग इकॉनोमीज यूनिवर्सिटी की रैंकिंग सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है। दा टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में केवल वे ही संस्थान भाग ले सकते हैं जो लंदन स्टॉक एक्सचेंज के एफटीएसई ग्रुप द्वारा 'एडवांस्ड एमरजिंग', 'सेकेंडरी एमरजिंग' या फ्रंटियर के रूप में वर्गीकृत हैं। यह अति प्रतिष्ठित सर्वे नवम्बर 2019 और फरवरी 2020 के बीच किया गया था।

कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 89 है जो कि क्षेत्र में सर्वाधिक है तथा सकोपस साइटेशन 50000 के लगभग हैं, इन्होंने अन्य मापदंडों के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि दा टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में विश्वविद्यालय ने पहले भी 801 से 1000 रैंक बैंड में स्थान हासिल किया है। इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय को ओवर ऑल केटेगरी 25.1 से 30.1 स्कोर मिला था।

**HARYANA RAJ BHAVAN**
@RajBhavanHry

Hon'ble Governor-Chancellor has appreciated the quality research facilities at GJUS&T, Hisar.

He said there is a need to translate ideas into patents, create more & more start-ups and entrepreneurs.

Researchers should become self-reliant, said Shri Bandaru Dattatraya.





# जीजेयू में एडवांस रिसर्च लैब और सूचना केंद्र का उद्घाटन

**जागरण संवाददाता, हिसार:** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में एडवांस रिसर्च लैब व विद्यार्थी सूचना केंद्र का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ मकर सक्रांति के दिन कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में 40 से अधिक शिक्षक व 800 से अधिक विद्यार्थी व शोधार्थी हैं जो प्रबंधन व्यवसायिक शिक्षा व शोधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। 'एडवान्स रिसर्च लैब' की स्थापना होने से, इस विभाग के शोधन कार्यक्रम को नई दिशा मिलेगीइस लैब में साहित्यिक सुविधाओं से लेकर रिसर्च डेटा बेस व एडवांस एनालिटिकल टूल्स भी उपलब्ध करवा दिए गए है।



गुजवि में एडवांस रिसर्च लैब व विद्यार्थी सूचना केंद्र का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य। पीआरओ

# 'नई शिक्षा नीति को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए शोध आधारित विवि बनाने की जरूरत'

## गुजवि में आयोजित की गई 13वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, एनबीए के चेयरमैन प्रो. केके अग्रवाल ने किया शुभारंभ

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** नई शिक्षा नीति वर्तमान की जरूरत है। अब समय आ गया है कि शिक्षण संस्थानों में आंतर्विषयिक अनुसंधान हो। देश में नई शिक्षा नीति को बेहतर ढंग से लागू करने के साथ ही बहु शोध आधारित विश्वविद्यालय बनाने की आवश्यकता है। यह बात नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) के चेयरमैन प्रो. केके अग्रवाल ने कही। वे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा 'व्यावसायिक प्रबंधन' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देश के प्रथम 100 विश्वविद्यालयों में अपना स्थान रखता है, क्योंकि इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा और शोध गुणवत्ता पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीकों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा, इंडियन अकादमी ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष एवं आईआईएम अहमदाबाद के प्रो. विशाल गुप्ता, मणिपाम ग्रुप ऑफ कंपनी, गुरुग्राम के सीईओ निर्दोष गौर, डीन प्रो. शबनम सक्सेना एवं कॉन्फ्रेंस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल भी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को शोध कार्य मे अपनी क्षमताओं का सदुपयोग करते हुए शोध की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि निर्दोष गौर ने कहा कि प्रबंधन व्यवस्था में शोध की जरूरत है। विश्व के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए व्यवसायिक शिक्षा और शोध को बढ़ावा देना होगा। कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में 22 विभाग हैं और 35 संबद्ध महाविद्यालय हैं।



वार्षिक राष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि एवं एनबीए के चेयरमैन प्रो. केके अग्रवाल को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा।

### 300 प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण, 44 शोधपत्रों से बनेगी पुस्तक

मुख्य वक्ता प्रो. विशाल गुप्ता ने बताया कि लीडरशिप के पांच मुख्य आधार हैं। टास्क ओरिएंटेशन, रिलेशन ओरिएंटेशन, एमपावरिंग, ऑथेंटिसिटी और टीम बिल्डिंग। इनके आधार पर अच्छे नेतृत्व को विकसित करते हुए अपने व्यवसाय को मजबूती प्रदान की जा सकती है। कान्फ्रेंस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। सबसे उत्तम 44 शोधपत्रों को एक पुस्तक 'रिसर्च इन बिजनेस मैनेजमेंट : ए थ्योरिटिकल फ्रेमवर्क एंड इंपेरिकल एविडेंस' के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में 29 ऑनलाइन तकनीकी सत्र रखे गए हैं।

### मीडिया का ज्ञान जरूरी ताकि भ्रामक समाचारों से समाज में अराजकता पैदा न हो : वीसी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय एवं संचार प्रबंधन एवं तकनीकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'फैक्ट चेकिंग एंड डेटा वेरिफिकेशन' विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दूरस्थ शिक्षा से जुड़ने के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार भ्रामक समाचार आते हैं, जो समाज में अराजकता व नकारात्मक स्थित पैदा करते हैं। इनको लेकर मीडिया के विद्यार्थियों को ज्ञान होना चाहिए कि किस तरीके से सच्चाई की पहचान हो सकती है। उन्होंने फैक्ट चेकिंग एंड डेटा वेरिफिकेशन विषय पर कार्यशाला के आयोजन की सराहना की और कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए, जिससे कि विद्यार्थी सही व गलत खबर की पहचान कर सकें। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. उमेश आर्य ने समाचारों की 'फैक्ट चेकिंग' की तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**मंथन** • जीजेयू में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर वेबिनार का हुआ आयोजन

# जीजेयू जल्द ही इंजीनियरिंग को भी हिंदी में पढ़ाने वाला विश्वविद्यालय बन सकता है : प्रो. टंकेश्वर

भास्कर न्यूज़ | हिसार

जीजेयू के युवा एवं छात्र कल्याण निदेशालय के सौजन्य से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार वेबिनार के मुख्यातिथि थे। मॉरीशस विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी संस्थान की प्रो. डॉ. अलका दूनपुथ मुख्यवक्ता थी।

विवि के कुलसचिव डॉ. अवनीश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे। अध्यक्षता छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. दीपा मंगला ने की। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जीजेयू जल्द ही इंजीनियरिंग को भी हिंदी में पढ़ाने वाला विश्वविद्यालय बन सकता है। इस दिशा में विवि ने सोचना व कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के दस विकसित देश देखें तो आठ देश ऐसे हैं जो अपनी ही मातृभाषा में कार्य करते हैं। मातृभाषा के शब्द सीधे दिल में गहरे में उतर जाते हैं। मुख्यवक्ता अलका दूनपुथ ने कहा मॉरीशस में आज भी वर्तमान भोजपुरी गीत और पारंपरिक गीतों में शोधकार्य होता है। कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा ने भी संबोधित किया।

## हिंदी दिवस पर परिचर्चा

**हिसार**| जीजेयू के हिन्दी विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम हुआ। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. राधेश्याम शुक्ल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने मातृभाषा के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की सहायक प्रो. रेखा देवी, डॉ. शर्मीला और अनीता रानी भी उपस्थित रहीं।

**बैठक** • शिक्षा में सुधार को सीएम की अध्यक्षता में हुई चर्चा

# एक ही संस्थान में मिलेगी केजी से पीजी तक शिक्षा, दो यूनिवर्सिटी होंगी चयनित

भास्कर न्यूज़ | राजधानी हरियाणा

सीएम मनोहर लाल ने अधिकारियों को ऐसा सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए हैं, जहां बच्चों को केजी से पीजी शिक्षा एक ही संस्थान में मुहैया करवाई जा सके। उन्होंने दो ऐसे विश्वविद्यालय चिन्हित करने को कहा है जहां ट्रायल के तौर पर सिस्टम को शुरू किया जाएगा। वे बुधवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, जिला शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों और खंड शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल भी मौजूद रहे।

## निजी संस्थानों की एक्रीडिटेशन का बनेगा सिस्टम

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निजी संस्थानों की एक्रीडिटेशन का सिस्टम बनाया जाए। इनकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। सरकारी संस्थानों को फिर से चालू करवाया जाए। नई शिक्षा नीति में वर्ष 2030 से अध्यापक के पास बीए बीएड इंटिग्रेटेड होना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के तीन जिलों- गुड़गांव, झज्जर और कुरुक्षेत्र में ऐसे 10-10 स्कूल चिन्हित किए जाएं, जहां इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स करने वाले विद्यार्थियों की इंटर्नशिप करवाई जाएगी।




**राज्य स्तर पर मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती:** हरियाणा सरकार ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 644वीं जयंती को राज्य स्तर पर बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम 27 फरवरी को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर होगा। जिला स्तर पर भी जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जीजेयू दो साल तक सीडीएलयू को उपलब्ध कराएगी दो सॉफ्टवेयर

[illegible] • हिसार

सिरसा के चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) और हिसार के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) के बीच डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू किया गया है। यह एमओयू दो साल के लिए किया है और एक करोड़ रुपये प्लस जीएसटी में हुआ है। एमओयू के तहत सीडीएलयू को जीजेयू दो प्रकार के सॉफ्टवेयर उपलब्ध करवाएगी। पहला सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों को ऑनलाइन एप्लिकेशन और दाखिला प्रक्रिया से संबंधित है। वहीं दूसरा सॉफ्टवेयर परीक्षा, स्कॉलर और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित है।

एमओयू के अनुसार सीडीएलयू के आईटी प्रोफेशनल्स को सॉफ्टवेयर के प्रयोग की ट्रेनिंग भी जीजेयू द्वारा दी जाएगी। सीडीएलयू के सिस्टम मैनेजर डा. मनोज ने सॉफ्टवेयर के बारे बताया कि, प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय के वेब पोर्टल पर लॉग इन आईडी दी जाएगी और विभिन्न विभाग के

**सीडीएलयू और जीजेयू के बीच डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया एमओयू**

विद्यार्थियों के दाखिले के दौरान उनके आवेदनों को ऑनलाइन चेक किया जा सकेगा। यदि कोई कमी होगी तो रिमार्क्स वाले कॉलम में उसे अंकित करके जो विद्यार्थी की ई-मेल पर चला जाएगा। उन्होंने बताया की इस करार से विश्वविद्यालय के अंदर डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ गुणात्मक कार्यों में वृद्धि होगी और रिकॉर्ड ऑफिस में भी मदद मिलेगी। फीस का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन उपलब्ध होगा। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन और स्कॉलरशिप डाटा के पास चला जाएगा।

जिससे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को एक क्लिक के माध्यम से पता चल जाएगा कि किस विभाग में कितनी सीटें भरी हुई हैं और कितनी रिक्त हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन अपना डाटा चेक कर सकेंगे।

### दोनों विश्वविद्यालय के कुलसचिवों ने किए हस्ताक्षर

सीडीएलयू के कुलपति कार्यालय के कमेटी रूम में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों डा. राकेश वधवा और डा. अवनीश वर्मा के बीच एमओयू पत्र पर हस्ताक्षर हुए। दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों के अतिरिक्त सीडीएलयू के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा की दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस सांझा करार पत्र से एक नए युग की शुरुआत होगी।

### 300 परीक्षार्थियों की क्षमता वाले भवन का होगा निर्माण

सीडीएलयू के कुलपति प्रोफेसर अजमेर मलिक ने कहा की वर्तमान समय में सिरसा जिले के पास कोई भी कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र न होने की वजह से यहां के विद्यार्थियों को दूसरे शहरों में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाएं देने के लिए जाना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में 300 परीक्षार्थियों की कैपेसिटी वाले भवन का निर्माण करवाया जाएगा।

# डिजीटलाईजेशन बढ़ाने के लिए सांझा करा

आज समाज नेटवर्क

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा और गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के मध्य डिजीटलाईजेशन प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुलपति कैंप ऑफिस में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों डॉ. राकेश वधवा व डॉ. अवनीश वर्मा के बीच साझा करार पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों के अतिरिक्त चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा की वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के



वीसी कैंप ऑफिस में करार पर हस्ताक्षर करते कुलसचिव।

युग में ई-रिसोर्सिज तथा सॉफ्टवेयरज के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों के विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है। विश्वविद्यालयों के बीच इलोक्ट्रोनिक संसाधनों तथा सॉफ्टवेयर का आदान-प्रदान करके आर्थिक रूप से स्वालम्बी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस सांझा

करार पत्र से ए
होगी। प्रो. मलि
समय में सिरस
कंप्यूटर आधारि
वजह से यहां
शहरों में ऑन
देने के लिए जा
से निजात दि
चौधरी देवीलाल
के अंदर
कैपेसिटी वाल
करवाया जाएग
विद्यार्थियों को
द्वारा आयोजि
परीक्षाओं के
जाना पड़े। गु
जम्भेश्वर वि
विश्वविद्यालय
टंकेश्वर कुमार

# सिरसा

## चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं को सशक्त करने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रो. टंकेश्वर

### कानूनी जागरूकता के साथ-साथ पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता में बदलाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। महिलाओं को सम्मानित करते प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो :हरिभूमि

महिलाओं का राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान है और पिछले कुछ समय के दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए भारत में ही नहीं बल्कि विश्वभर में अनेक कानून आए हैं। कानूनी जागरूकता के साथ-साथ पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता में बदलाव करके सकारात्मक पहलकदमियां की जा सकती हैं। जब तक महिलाओं के प्रति समाज में मानसिकता में बदलाव नहीं होगा तब तक महिलाओं को पूर्ण रूप से सशक्त नहीं किया जा सकता। ये विचार गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के युवा कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने में शैक्षणिक संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात की स्थिति में सुधार करना भी समय की मांग है और आंकड़े बताते हैं कि गांव की तुलना में शहरों में लिंगानुपात की स्थिति चिंतनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चौधरी देवीलाल विवि सिरसा के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि सभी महिलाएं अच्छी प्रबंधक होती हैं और समय का सदुपयोग करते हुए पारिवारिक तथा अन्य जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया कि परिसर में लिंग संवेदनशीलता तथा कानूनी जागरूकता शिविरों का समय-समय पर आयोजन करवायें ताकि विश्वविद्यालय की छात्राओं को बेहतर माहौल के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति भी जागृत किया जा सके। चंडीगढ़ से विशिष्ट अतिथि के रूप में नागरिक संसाधन सूचना विभाग तथा वित्त विभाग की सचिव सोफिया दहिया ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में हिसार के कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा, प्रो. प्रियंका सिवाच, डॉ. मंजू नेहरा, प्रो. मोनिका वर्मा, प्रो. अनु शुक्ला, डॉ. सरोज मेहता, डॉ. शर्मिला, सुमिष्ता रानी सहित विद्यार्थियों व ग्राम पंचायतों सहित लगभग 30 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### लॉ कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

सिरसा। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान सिरसा द्वारा लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज में चेयरपर्सन कुमुद बंसल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें संस्थान के विभिन्न उपकेंद्रों से रिसोर्स पर्सन व विद्यार्थियों सहित लगभग 150 गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जीआरजी स्कूल की प्रिंसिपल एवं संस्थान की प्रबंधक समिति सदस्य किरण मेहंदीरत्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि प्रबंधक समिति के सदस्यों प्रो. नीलम, डॉ. अजंली नारंग व पार्षद प्रतिनिधि कर्मजीत सिंह विशिष्ट अतिथि थे। संस्थान निदेशक धर्मपाल गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थितजनों को महिला दिवस के महत्व से रूबरू करवाया। इस मौके पर डांस, गिद्दा व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। बेटा बेटी एक समान पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला के विभिन्न उपकेंद्रों पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए डिजाइनर कपड़े, सॉफ्ट टॉयज, सोफा कुशन, गारमेंट्स आदि उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंच संचालन संस्थान के अधिकारी अंशुल जैन ने किया।

---

**बैठक** सीडीएलयू और गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हुआ साइन, बैठक में लिया निर्णय...

# अब सीडीएलयू के विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकार्ड होगा ऑनलाइन

माई सिटी रिपोर्टर

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा तथा गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के मध्य डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कुलपति कार्यालय के कमेटी रूम में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिव डॉ. राकेश वधवा तथा डॉ. अवनीश वर्मा के बीच सांझा करार पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों के अतिरिक्त चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि वर्तमान में सिरसा जिले के पास कोई भी कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र न होने की वजह से यहां के विद्यार्थियों को दूसरे शहरों में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाएं देने के लिए जाना पड़ता है।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शीघ्र ही चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के अंदर 300 परीक्षार्थियों की कैपेसिटी वाले भवन का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि सिरसा जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दूसरे जिलों में न जाना पड़े।

इस अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की सिस्टम मैनेजर डॉ. सरोज मेहता ने बताया कि सांझा करार पत्र के माध्यम से गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के साथ दो प्रकार के सॉफ्टवेयर अपनाने पर सहमति बनी है। पहला सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों की ऑनलाइन एप्लीकेशन तथा दाखिला प्रक्रिया से संबंधित है। बकि दूसरा सॉफ्टवेयर पीएचडी स्कॉलर तथा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित है। डॉ. सरोज ने सॉफ्टवेयर कार्यप्रणाली बारे बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय के वेब पोर्टल पर लॉगइन आईडी दी जाएगी और विभिन्न विभाग विद्यार्थियों के दाखिले के दौरान उनके आवेदनों को ऑनलाइन चेक कर सकेंगे। यदि कोई कमी है तो रिमार्क्स वाले कॉलम में उसे अंकित करेंगे जो विद्यार्थी की मेल पर चला जाएगा।

उन्होंने बताया की इस करार से विश्वविद्यालय के अंदर डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ गुणवत्तापरक कार्यों में वृद्धि होगी और रिकॉर्ड कीपिंग में भी मदद मिलेगी। फीस का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन उपलब्ध होगा। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विद्यार्थी का पंजीकरण रजिस्ट्रेशन एवं स्कालरशिप शाखा के पास चला जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को एक सिंगल क्लिक के माध्यम से यह पता चल जाएगा कि किस विभाग में कितनी सीटें भरी हुई हैं और कितनी रिक्त है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन अपना डाटा चेक कर सकेंगे।

### दो प्रकार के सॉफ्टवेयर अपनाने पर बनी सहमति

**हिसार (ब्यूरो)।** साझा करार पत्र के माध्यम से गुजवि के दो प्रकार के सॉफ्टवेयर अपनाने पर सहमति बनी है। पहला सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों की ऑनलाइन एप्लीकेशन और दाखिला प्रक्रिया से संबंधित है। दूसरा सॉफ्टवेयर पीएचडी स्कॉलर और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित है। विश्वविद्यालय के आईटी प्रोफेशनल्स को सॉफ्टवेयर के प्रयोग से संबंधित ट्रेनिंग प्रदान करने का कार्य भी एमओयू के तहत होगा।

"इस प्रकार का करार प्रदेश का पहला करार है। ऐसा करने से धन और समय दोनों की बचत होगी। शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार होगा। हम सीडीएलयू का हर तकनीकी कार्यों में सहयोग करेंगे।
- प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुजवि।

# टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में गुजवि को 301 से 350 रैंक बैंड में मिला स्थान

**हिसार (ब्यूरो)।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (गुजवि) को टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग इकनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 301 से 350 रैंक बैंड में स्थान मिला है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह रैंकिंग पांच मापदंडों पर आधारित थी, जिसमें से टीचिंग और रिसर्च का 30-30 प्रतिशत और साइटेशन का 20 प्रतिशत मूल्यांकन निर्धारित था। इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल आउटलुक और औद्योगिक आय का 10-10 प्रतिशत मूल्यांकन था। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि एमरजिंग इकनॉमीज यूनिवर्सिटी की रैंकिंग सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है। द टाइम्स हायर एजुकेशन एमरजिंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में केवल वे ही संस्थान भाग ले सकते हैं जो लंदन स्टॉक एक्सचेंज के एफटीएसई ग्रुप द्वारा 'एडवांसड एमरजिंग', 'सेकेंडरी एमरजिंग' या फ्रंटियर के रूप में वर्गीकृत हैं। यह अति प्रतिष्ठित सर्वे नवंबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच किया गया था।

**रैंकिंग में 500 अंकों का हुआ सुधार :** इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में विश्वविद्यालय ने पहले भी 801 से 1000 रैंक बैंड में स्थान हासिल किया है। इस बार विवि की रैंकिंग में 500 अंकों का सुधार हुआ है।

# ANOTHER FEATHER IN GJUST CAP

**Hisar:** Adding another feather in its cap, Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar (GJUST), ranked 301-350 in The Times Higher Education Emerging Economies University Rankings 2021. Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar and Dr Avnesh Verma, Registrar of the university, congratulated the university fraternity for this achievement. The VC said the ranking was based on five key indicators grouped into five areas: teaching 30 per cent (the learning environment); research 30 per cent (volume, income and reputation); citations 20 per cent (research influence); international outlook 10 per cent (staff, students and research); and industry income 10 per cent (knowledge transfer). The VC further stated that ranking used the same 13 carefully calibrated performance indicators to provide the most comprehensive and balanced comparisons, trusted by students, academics, university leaders, industry and governments – but the weightings are specially recalibrated to reflect the characteristics of the emerging economy universities.

# पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले का कॉलेज या यूनिवर्सिटी में ही बनाया जाएगा निशुल्क पासपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। हरियाणा सरकार ने पासपोर्ट बनाने को लेकर बुधवार को एक अहम घोषणा की। नए आदेशों के तहत अब पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले हर युवक और युवती का पासपोर्ट कॉलेज या यूनिवर्सिटी में ही बनाया जाएगा, वो भी निशुल्क। हरियाणा में कॉलेज विद्यार्थियों के निशुल्क पासपोर्ट के लिए अभी जो योजना चलाई जा रही है, उसी योजना के तहत स्नात्कोतर करने वाले हर छात्र का पासपोर्ट तैयार किया जाएगा। चाहे कोई छात्र पासपोर्ट बनाने के लिए आवेदन करे या नहीं, पासपोर्ट बनाना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कॉलेज में पासपोर्ट बनाने की योजना को हरियाणा सरकार ने कुछ समय पहले ही लॉन्च किया था, लेकिन विद्यार्थियों को इस योजना के बारे में जानकारी नहीं है। वहीं सरकार की इस योजना के लागू होने के बाद अब तक 6800 छात्रों के पासपोर्ट बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कॉलेज में पासपोर्ट बनने से विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा।

# गुजविप्रौवि हिसार अब देगा ऑनलाइन शिक्षा

## ऐसी अनुमति पाने वाला गुजविप्रौवि प्रदेश का पहला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 26 मार्च : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार को देश के उन उच्च शिक्षण संस्थानों की सूचि में शामिल किया गया है, जिन्हें ऑनलाइन कोर्स शुरु करने की अनुमति मिली है। विश्वविद्यालय अब पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ऑपन एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम एंड ऑनलाइन प्रोग्राम रेगुलेशन 2020 के तहत ऑनलाइन कोर्स शुरु कर सकेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय को अलग से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो द्वारा जारी सूचि के अनुसार गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार बैचलर ऑफ कॉमर्स जनरल तथा ह्युमन रिसोर्स (एचआर) व मार्केटिंग में एमबीए ऑनलाइन मोड में करवा सकेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस सूचि में देशभर के कुल 37 उच्च शिक्षण संस्थान शामिल किए गए हैं। जिसमें गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार हरियाणा का एकमात्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ऑनलाइन कोर्स वर्तमान समय की मांग हैं। कोरोना महामारी ने ऑनलाइन शिक्षा के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया है। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय को यह अनुमति मिली है। उन्होंने इसके लिए विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय एवं विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. ओ.पी. सांगवान ने बताया कि ऑनलाइन कोर्सो की अवधि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाईडलाइन्स के अनुसार ही होगी। ऑनलाइन कोर्सो में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2021 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा निदेशालय विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए तैयार है।

# गुजवि से ऑनलाइन हासिल कर सकेंगे डिग्री पंजीकरण पेज का कुलपति ने किया उद्घाटन



दाखिले के लिए पंजीकरण पेज का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।



माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो ने ऑनलाइन बी. कॉम और एमबीए में मार्केटिंग व एचआर के लिए कोर्स चलाने का स्वत्वाधिकार प्रदान किया है। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऑनलाइन कोर्स में दाखिले के लिए पंजीकरण पेज का उद्घाटन किया।

कुलपति ने बताया कि हरियाणा में गुजवि को यूजीसी ने ऑनलाइन दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय में कोर्स चलाने का स्वत्वाधिकार प्रदान किया है। आने वाले समय में ऑनलाइन कोर्स की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश के ही नहीं देश व विदेश के छात्र भी इन ऑनलाइन कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। विश्वविद्यालय ने इन सभी ऑनलाइन कोर्स के लिए बहुत ही न्यूनतम फीस का प्रावधान किया है, ताकि समाज के मध्यमवर्गीय एवं जरूरतमंद विद्यार्थी इन कोर्सों का पूरा लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि एमबीए के कोर्स में जो छात्र व्यवसाय करते हैं, उन सबके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इस मौके पर दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, कंप्यूटर सेंटर के निदेशक मुकेश कुमार, इंजीनियर विनोद गोयल, डॉ. विजेंद्र, डॉ. सुनयना, डॉ. बंसीलाल, मुकेश कुमार, रामविकास आदि उपस्थित रहे।

# प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जीजेयू ने जर्मन कम्पनी वीवा के साथ करार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जर्मनी तथा यूरोप में कोविड-19 में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का निर्यात करने वाली जर्मन कम्पनी वीवा ने गुजवि के इलेक्ट्रानिक साइंस एंड कम्युनकेशन के सहायक प्रो. सरदुल धायल के सेनाटाइजेशन सिस्टम में पेटेंट तकनीक में दिलचस्पी दिखाई है। इस पेटेंट में पूर्व छात्र अतुल व टीम का पूरा सहयोग रहा।

## ये होगा फायदा

इनकी तकनीक को इस्तेमाल करने और जानने के लिए वीवा ने जीजेयू के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर अनुबंध किया है।गत वर्ष कोरोना के दौरान जो लॉकडाउन हुआ उसमें जीजेयू के इस तकनीक का प्रदर्शन कर बताया कि इस तकनीक से पूरा मानव शरीर टर्नल में गुजरने से सैनेटाइज हो जाएगा। इसके साथ- साथ अन्य सामान का भी ऑटोमैटिक सैनेटाइजेशन हो जायेगा। ये मशीन एयरपोर्ट, शॉपिंग माल, विश्वविद्यालय, और कम्पनियों में लाभदायक रहेंगी।



हिसार। गुजवि में एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व डॉ. मुकेश कुमार।

**कोविड-19 से निपटने में मदद मिलेगी:** वीवा की ओर से वैज्ञानिक निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने आज जीजेयू पहुंच कर इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और उन्होंने कहा आगे भी वीवा और जीजेयू संयुक्त रूप से इस अनुबंध को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का हमेशा यह प्रयास रहा है कि वह नई-नई तकनीक और प्रौद्योगिकी पर अनुबंध करता रहा है। कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सैनेटाईजेशन सिस्टम को पेटेंट करवा शिक्षक सरदूल सिंह व उनकी टीम ने विवि को नया आयाम दिया है। वीसी की मौजूदगी में इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की तरफ से कुलसचिव डॉ. अवनीश वर्मा ने हस्ताक्षर किए व वीवा की तरफ से वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. विनोद छोक्कर, सरदूल सिंह, डॉ. बंसीलाल, मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

**जागरण विशेष** | फैक्ट चेकिंग से लेकर टॉप रिसर्च पब्लिकेशन सर्च करने में आएगा काम, शोधार्थियों से लेकर आम आदमी तक के लिए फायदेमंद

# फैक्ट चेकिंग के लिए जीजेयू के प्रोफेसर ने बनाया सर्च इंजन

भूपेंद्र पंवार • हिसार

सोचिये, आपको कोई सूचना चाहिए। आपने गूगल सर्च किया। लेकिन रिजल्ट में लाखों वेबसाइट्स और लिंक आ गए सामने। ऐसे में सूचनाओं का भंडार होने के बावजूद आप सही सूचना तक कैसे पहुंचे, ये बड़ी समस्या है। लेकिन अब इस समस्या का समाधान ढूंढ निकाला है हिसार की गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी स्थित कम्युनिकेशन मैनेजमेंट एंड टैक्नोलोजी के चेयरमैन प्रो. उमेश आर्य ने। डीन प्रो. आर्य ने 24 प्रकार के अलग-अलग ऐसे यूनिक सर्च इंजन तैयार किए हैं जिनके माध्यम से ना केवल भाषा अनुसार समाचार पत्र तक पहुंचा जा सकता है। फेक न्यूज, क्लिप, वीडियो या सूचना के फैक्ट चेक के लिए भी अलग सर्च इंजन तैयार कर दिया है। खास बात ये है कि फेक सूचना, वीडियो या समाचार क्लिप को सबूत और तथ्यों के साथ उन्हीं वेबसाइट्स पर लेकर जाएगा जिन्होंने पहले ही पूरी रिसर्च करके रिजल्ट निकाला हो। इतना ही नहीं ये सर्च इंजन केवल विश्वासपात्र वेबसाइट्स तक ही पहुंचाएंगे। ये सर्च इंजन देश भर में लोकप्रिय भी होने लगे हैं और 4-5 महीने के दौरान 45 हजार 845 लोग इससे जुड़ चुके हैं। ये सभी सर्च इंजन केवल एक उपलब्ध होंगे ताकि सर्च इंजन के लिए अलग-अलग लिंक पर ना जाना पड़े।

जीजेयू के प्रोफेसर उमेश आर्य ने लॉकडाउन के दौरान घर बैठे रिसर्च काम शुरू किया। सब कुछ बंद था, इसलिए घर बैठकर उन्होंने कुछ नया करने की सोची जो आम लोगों के साथ-साथ शोधार्थियों और विद्यार्थियों के भी काम आए। इसलिए उन्होंने ऐसे सर्च इंजन तैयार किए कम समय में सटीक, स्पष्ट, तथ्यापरक और सही सूचना खोजकर प्रस्तुत करे। इसलिए उन्होंने फैक्ट चेक करने के लिए सर्च इंजन तैयार किया।

> लॉकडाउन में सब कुछ बंद था और लोग घरों में बैठकर टाइम पास कर रहे थे। ऐसे में मैंने सोचा कि क्यों ना यूनिक सर्च इंजन तैयार किए जाएं जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी सहायक हो। इसलिए 5 माह की मेहनत के बाद मैंने 24 यूनिक सर्च इंजन तैयार किए है। इसका रिस्पांस भी मिलना शुरू हो गया है और अब तक 45 हजार 845 लोग इन सर्च इंजन का प्रयोग कर चुके हैं।
>
> **प्रो. उमेश आर्य**, डीन, चेयरमैन, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, हिसार।

### शोधार्थियों के लिए भी संजीवनी बूटी है सर्च इंजन

देश भर की यूनिवर्सिटीज में शोधार्थी शोध कार्य करते हैं। प्रोफेसर और अन्य टीचर्स भी शोध प्रोजेक्ट पर काम करते हैं। ये शोधार्थी यदि गूगल पर किसी टॉपिक को सर्च करते हैं तो लाखों, करोड़ों की संख्या में परिणाम सामने आता है। ऐसे में उनके लिए चयन करना मुश्किल हो जाता है कि करोड़ों सूचनाओं में से किसका चयन करें। इस समस्या को देखते हुए प्रो. उमेश आर्य ने टॉप रिसर्च पब्लिकेशन नाम से एक सर्च इंजन तैयार किया। प्रो. उमेश आर्य ने बताया कि इस सर्च इंजन के माध्यम से जो परिणाम सामने आएंगे वह ना केवल विश्वसनीय होंगे बल्कि कम संख्या में होंगे। क्योंकि इसमें सीमित उन्हीं वेबसाइट्स को लिंक किया गया है।



जीजेयू के प्रो. उमेश आर्य।

# जीजेयू में 32 एनसीसी कैडेट्स को सी परीक्षा प्रमाण-पत्र बांटे, कल्चरल एक्टिविटी हुई

## विवि के शिक्षण खंड - 4 के सभागार में कैडेट्स की विदाई पर कार्यक्रम

**सिटी रिपोर्टर** • गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी कार्यालय ने प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। विवि के शिक्षण खंड - 4 के सभागार में हुए समारोह में 32 एनसीसी कैडेट्स को सी-परीक्षा प्रमाण-पत्र दिए गए। कार्यक्रम के आयोजन में कोरोना महामारी के नियमों का पालन किया गया। एनसीसी कैडेट्स की विदाई के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी के संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने संबोधित किया।

समारोह में आर्मी विंग ब्वॉयज से अनिल, मंजीत, आकाश, साजन कुमार, सचिन नागर, सुनील कुमार रोहित, मयंक मित्तल, प्रिंस, ऋषभ सिंह को सी-परीक्षा प्रमाण पत्र दिए गए। आर्मी विंग गर्ल्स में मुस्कान शर्मा, कोमल, प्रियंका, मनीषा, शीतल, लक्ष्मी, काजल, तमन्ना, नेहा यादव, पूजा, अनंता, हिमांशी व मोनिका को सी-परीक्षा प्रमाण पत्र दिए गए। एयरविंग ब्वॉयज से तरूण कुमार, रिचित शर्मा, हरसल गौत्तम व गौरव वर्मा तथा एयरविंग गर्ल्स में सुनीता व भावना बराड़ को एनसीसी के सी-परीक्षा प्रमाण पत्र दिए गए। समारोह को एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अनुराग सांगवान ने भी सम्बोधित किया। आर्मी गर्ल्स विंग की इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी भाटिया ने धन्यवाद सम्बोधन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनीषा पायल, कमल, जगमोहन, संजू, डिंकी, ललिता राठोर, संगीता और प्रतिभा का विशेष सहयोग रहा।



**शिक्षा** — गुरु जंभेश्वर विवि में सभी स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन प्रकिया शुरू

# गुजवि ने 4 वर्षीय बीए मास कम्यूनिकेशन कोर्स शुरू

माई सिटी रिपोर्टर



ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए पोर्टल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर।

अमर उजाला मिशन एडमिशन

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (गुजवि) ने नई शिक्षा नीति के तहत नए सत्र से दो नए कोर्स शुरू किए हैं।

विश्वविद्यालय में चार वर्षीय बीए मास कम्यूनिकेशन कोर्स शुरू हुआ है। इस कोर्स को करने के बाद अगर कोई विद्यार्थी पोस्ट ग्रेजुएशन करना चाहता है तो उसे मात्र एक वर्ष की पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि गुजवि नई शिक्षा नीति के तहत कोर्स शुरू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत बीवॉक इन फूड प्रोसेसिंग एंड इंजीनियरिंग कोर्स भी शुरू किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार विवि में सभी स्नातक व ड्यूल डिग्री कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 05 जुलाई से शुरू हो गई है।

विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सोमवार को ऑनलाइन दाखिला पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि विवि द्वारा निर्धारित फीस भी विद्यार्थी डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2021 है।

इस मौके पर विवि के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. हरभजन बंसल, इंफोर्मेटिक्स एंड कंप्यूटर सेंटर के निदेशक मुकेश अरोड़ा, डॉ. शबनम जोशी, डॉ. मनोज मलिक, सचिव मुकेश कुमार, प्रोगामर कुलदीप कुंडू, नवीन सांगवान व नितिन सिंह मौजूद रहे।

# कोरोना में टेस्टिंग लैब के लिए जीजेयू के प्रयोग पर किया विचार



गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार के साथ विश्वविद्यालय परिसर का दौरा करती उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी। ● - डीआइपीआरओ

**जागरण संवाददाता, हिसार :** कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा कोविड-19 मैनेजमैंट को लेकर उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी ने मंगलवार को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय और नागरिक अस्पताल का दौरा किया।

उन्होंने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार से बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों को लेकर चर्चा की। उपायुक्त ने कुलपति को अवगत करवाया कि कोरोना के बिगड़ते स्वरूप के मद्देनजर जिले में कोविड प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति रैपिड एक्शन टीमें, कोविड कैयर सेंटर, डाटा एंट्री, कोरोना टैस्टिंग लैब स्थापित करने, लैब मैनेजमैंट सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार दिया जा रहा है ताकि भविष्य में पैदा होने वाली किसी भी चुनौती से निपटा जा सके। कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पूरा देश मिलकर कोरोना की लड़ाई लड़ रहा है।

आपदा की इस घड़ी में विश्वविद्यालय प्रशासन भी जिला प्रशासन को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के भवनों का दौरा कर उपायुक्त को उपलब्ध संसाधनों से अवगत करवाया। इस अवसर पर उपायुक्त ने नागरिक अस्पताल परिसर का भी दौरा किया। नागरिक अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए।

# UNIVERSITY GETS AWARD

**Hisar:** The Guru Jambheshwar University of Science and Technology, (GJUST), Hisar, has been honoured with "One district one green champion" award by Mahatma Gandhi National Council for Rural Education under the Ministry of Education, Government of India. The university has been awarded for its outstanding contribution in the Swachh Bharat Abhiyan. Prof Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor, said educational institutions could play a vital role in the success of the abhiyan. The VC and Prof Avnesh Verma, Registrar, congratulated the university fraternity and the team involved in the cleanliness drive on the campus.

# जीजेयू हिसार बना स्वच्छता एक्शन प्लान चैम्पियन

## गुजविप्रौवि हिसार को मिला 'एक जिला-एक हरित चैम्पियनशिप' सम्मान

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 27 अप्रैल : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार शिक्षा के साथ-साथ अपनी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहा है। विश्वविद्यालय को 'स्वच्छता एक्शन प्लान' के तहत एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान मिली है। विश्वविद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की 'महात्मा गांधी ग्रामीण शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा परिषद' द्वारा 'एक जिला-एक हरित चैम्पियनशिप' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को यह अवार्ड परिषद की स्वच्छता एक्शन प्लान 2020-2021 के तहत राष्ट्र स्तर पर निर्धारित किए गए मापदंडों के आधार पर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय को हरियाणा राज्य के जिला हिसार के एकमात्र संस्थान के रूप में चिन्हित कर, यह सम्मान दिया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों की सामाजिक जिम्मेदारियां तय की गई हैं। विश्वविद्यालय शिक्षा का उच्चत्तम केन्द्र होते हैं, उन्हें हर क्षेत्र में मार्गदर्शन की भूमिका में आगे आना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' अभियान को सफल बनाने में विश्वविद्यालयों को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय परिवार तथा विश्वविद्यालय के स्वच्छता अभियान में जुड़ी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस अवार्ड से विश्वविद्यालय की सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है। विश्वविद्यालय को इससे पूर्व भी कई गौरवपूर्ण सम्मान मिल चुके हैं। विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा भी स्वच्छता मिशन के तहत श्रेष्ठ सम्मान पा चुका है। इसके अतिरिक्त इंडोनेशिया जकार्ता द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय स्तर के ग्रीन मीट्रिक अवार्ड में विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर छठे तथा विश्वस्तर पर 321वें स्थान पर रहा है। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को न केवल बखूबी समझता है, बल्कि इसे निभा भी रहा है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि मात्र 25 वर्षों की विश्वविद्यालय की इस यात्रा में विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं व शैक्षणिक व्यवस्थाएं विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित करते हैं।




GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY
OF SCIENCE & TECHNOLOGY,
HISAR-HARYANA.
NAAC 'A' Grade Accredited State Govt. University
/GJUHSR
/gjust.ac.in
/gjustofficial
" प्रिय विद्यार्थियों।
कोविड टीकाकरण अभियान का अगला चरण 1 मई 2021से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें 18 से 45 वर्ष तक के लोगों के लिए यह सुविधा उपलब्ध है। मेरा आप सभी युवाओं से आग्रह है कि स्वयं भी टीका लगवाएं एवं अपने आस-पास के समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।
प्रो. टंकेश्वर कुमार
कुलपति , गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार "
# Co-Win पोर्टल पर पंजीकरण 28 अप्रैल 2021 से शुरु।
#अपनी अपॉइंटमेंट Co-Win पोर्टल (https://www.cowin.gov.in)
पर पहले से ही बुक करें।
#LargestVaccineDrive
#Unite2FightCorona
/groups/gjusthisar ( GJU-HISAR KI VICHAR-VATIKA )

# जीजेयू बना स्वच्छता एक्शन प्लान चैंपियन

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अपनी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहा है। विश्वविद्यालय को 'स्वच्छता एक्शन प्लान' के तहत एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान मिली है। विश्वविद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की 'महात्मा गांधी ग्रामीण शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा परिषद' द्वारा 'एक जिला-एक हरित चैंपियनशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को यह अवॉर्ड परिषद की स्वच्छता एक्शन प्लान 2020-2021 के तहत राष्ट्र स्तर पर निर्धारित किए गए मापदंडों के आधार पर दिया गया है।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय को प्रदेश के जिला हिसार के एकमात्र संस्थान के रूप में चिह्नित कर यह सम्मान दिया गया है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय परिवार और स्वच्छता अभियान में जुड़ी टीम के सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस अवॉर्ड से विश्वविद्यालय की सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है।

कुलपति ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को इससे पूर्व भी कई गौरवपूर्ण सम्मान मिल चुके हैं। विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा भी स्वच्छता मिशन के तहत श्रेष्ठ सम्मान पा चुका है। इसके अतिरिक्त इंडोनेशिया जकार्ता द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय स्तर के ग्रीन मीट्रिक अवॉर्ड में विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर छठे तथा विश्वस्तर पर 321वें स्थान पर रहा है। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को न केवल बखूबी समझता है, बल्कि इसे निभा भी रहा है।



गुरु जम्भेश्वर विवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार। ● जागरण आर्काइव

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को मिला एक जिला-एक हरित चैंपियनशिप अवॉर्ड, कुलपति और कुलसचिव ने टीम को दी बधाई

### जीजेयू से संबद्ध कॉलेजों में यूजी के पांचवें और पीजी के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित

जासं, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों के यूजी के पांचवें सेमेस्टर और पीजी पाठ्यक्रमों के तीसरे सेमेस्टर की एक मई से शुरू होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। अब ये परीक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से होंगी। विवि प्रशासन द्वारा नई डेटशीट की घोषणा जल्द की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, कुलसचिव, डीन ऑफ कॉलेजिज, परीक्षा नियंत्रक और मैथेमेटिक्स विभाग के शिक्षक प्रो. कुलदीप बंसल ने भाग लिया। इस बैठक में एक मई से होने वाली परीक्षाओं के संचालन तथा सम सेमेस्टर की ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। विचार-विमर्श करने के बाद संबद्ध महाविद्यालयों में यूजी के पांचवें सेमेस्टर और पीजी पाठ्यक्रमों के तीसरे सेमेस्टर की एक मई से शुरू होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# वॉर रूम पहुंचीं डीसी ने कहा–आंकड़ों को रियल टाइम करते रहें अपडेट

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के फेकल्टी हॉऊस में इंटीग्रेटिड डिजिज सर्विलांस प्रोग्राम के तहत उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी ने स्थापित प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने आइटी सेल, सैंपल कलेक्शन, पैकेजिंग, सैंपल पेकिंग और सरकारी व निजी लैब के लिए परिवहन प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने लैब इंचार्ज डा. सुभाष खतरेजा व अन्य कर्मचारियों को पोर्टल पर आंकड़ों को नियमित रूप से अपडेट करने, डेथ ऑडिट के कार्य के समयबद्ध निपटान को लेकर निर्देश दिए।

इसके बाद उपायुक्त ने कोरोना संक्रमितों की कांट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए स्थापित किए गए वॉर रूम का भी दौरा किया। यहां से कोरोना संक्रमितों को फोन किए जाते है। उनसे संपर्क में आए लोगों की जानकारी ली जाती है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोरोना संक्रमितों की कांटेक्ट ट्रेसिंग के आंकड़ों की समीक्षा की। कोरोना संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की ज्यादा से ज्यादा ट्रेसिंग की जाए। उपायुक्त ने स्टाफ सदस्यों से शिफ्ट के अनुसार अनवरत कार्य जारी रखने के निर्देश दिए।



गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के फैक्लटी हाउस में इंटीग्रेटिड डिजिज सर्विलांस प्रोग्राम के तहत स्थापित प्रयोगशाला और कांट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए स्थापित किए गए वॉर रूम का औचक निरीक्षण करतीं उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी। ● डीआइपीआरओ

# जीजेयू ने मनोचिकित्सीय सुविधा के लिए शुरू की हेल्पलाइन, गोद लिए 5 गांवों में भेजी सुविधाएं

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत गोद लिए पांचों गांवों में हेल्प डेस्क स्थापित की है, जहां मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

मनोचिकित्सीय सुविधा के लिए हेल्पलाइन भी शुरू की है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि बहबलपुर, सातरोड़ कलां, मिर्जापुर, नंगथला, देवा गांव को यूनिवर्सिटी ने गोद लिया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों को दवाइयों सहित अन्य सहायता उपलब्ध करवाई जाएंगी। हेल्प डेस्क का नंबर भी जारी किया गया है। जिसके माध्यम से ग्रामीण विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विभाग से जानकारियां ले सकते हैं। दवाइयों के वितरण के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। उन्नत भारत अभियान व स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत दवाइयां सीधे गांव के पीएचसी सेंटर भेजी जाएंगी। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सैनिटाइजर तथा दवाइयां भेजीं। जिसमें मनोवैज्ञानिक प्रो. संदीप राणा ग्रामीणों को परामर्श देंगे। प्रो. संदीप राणा से शाम चार बजे से छह बजे तक (रविवार को छोड़कर) मोबाइल नंबर 9255110772 पर उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर प्रो. वीके बिश्नोई, उन्नत भारत अभियान के संयोजक प्रो. अनिल कुमार, डॉ. सरीना, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संयोजक डॉ. राजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, एक्सईएन रघुबीर सुंडा, राजकमल घनघस आदि उपस्थित रहे।

## छात्र का दिल्ली की कंपनी में चयन

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए लॉकडाउन में भी प्लेसमेंट अवसर प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आदर्श द्विवेदी का चयन दिल्ली आधारित इन्फोनेटिव सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट निदेशक प्रताप सिंह ने बताया कि ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी का चयन तीन लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ हुआ है। उन्होंने सीएसई विभाग के अध्यक्ष प्रो. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. जय भगवान, डॉ. केके रंगा का आभार व्यक्त किया है।

# पूर्व विद्यार्थी रतन पंवार ने गुजवि को प्रदान किए तीन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



**हिसार/26 मई/रिपोर्टर**

बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर वर्तमान कोविड-19 की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गुरु जम्भेश्वेर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी भी अपनी जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी एवं रिसर्च स्कॉलर रमेश पंवार ने विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र को तीन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व रमेश पंवार के गाइड प्रो. अंबरीश पांडे ने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरीना हसीजा, डीजीओ डॉ. नीता मल्होत्रा व मुख्य फार्मेसी अधिकारी अरुण कुमार शर्मा को सौंपे। कुलपति प्रो. कुमार ने इस उदार पहल के लिए रमेश पंवार की सराहना की और धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि रमेश पंवार जैसे पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं, जो हमेशा अपने संस्थान की बेहतरी और कल्याण के बारे में सोचते हैं। उन्होंने बताया कि ये ऑक्सीजन कंसंट्रेटर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों लिए फायदेमंद होंगे। प्रो. पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय के एमटैक 2008 पास आउट बैच के रमेश पंवार वर्तमान में पाइनट्री पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ हैं। पंवार पिछले साल से राशन वितरण से लेकर ऑक्सीजन सेवा तक कई कोविड सेवाएं दे रहे हैं। डीन एलुमनाई रिलेशंस प्रो. राजेश लोहचब ने बताया कि इस संकट की घड़ी में काफी संख्या में पूर्व विद्यार्थी मदद के लिए आगे आए हैं। इस अवसर पर प्लेसमैंट निदेशक प्रताप सिंह मलिक व रसायन विभाग के डॉ. विकास वर्मा भी उपस्थित रहे।

**A HELPING HAND**

# HISAR VARSITY SENDS MEDICINES TO FIVE VILLAGES TO FIGHT COVID

**CORRESPONDENT**
HISAR

Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar donated medicines for Covid to five villages, as part of its initiative to help during the pandemic period.

The university has adopted five villages, namely Bahbalpur, Satrod Kala, Mirzapur, Nangthala and Deva.

Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar said that it is very important to make villagers aware of the disease in time and for this universities will have to discharge their responsibility.

The university has also set up a counselling helpline in these five villages. For this, Prof. Sandeep Rana, a psychologist from the university, will advise villagers and be available on his phone throughout the week, except for Sundays, from 4 pm to 6 pm.




University Registrar Prof. Avinash Verma stated that there is a need to take steps for villages during Covid and GJU is playing an important role.

The sarpanch of Bahbalpur village, Bhajanlal, informed that the university has made proper arrangements for medicines and sanitizing sprays. He thanked the VC and university administration.

# गुजविप्रौवि हिसार को द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मिला 251-300 रैंक बैंड

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 4 जून : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक मजबूत किया है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस रैंकिंग में भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को रैकिंग मिली हैं, जिनमें से गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने प्रतिष्ठित एशियाई रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय बना है। विश्वविद्यालय 26.9 से 29.6 के स्कोर के साथ भारत में 28वें स्थान पर रहा है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 41.7, टीचिंग में 35.4, इंडस्ट्री इनकम में 33.4, इंटरनेशनल आउटलुक में 14.4 तथा रिसर्च में 11.1 स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 19वीं रैंक, शिक्षण में 25वीं रैंक, रिसर्च में 54वीं रैंक, औद्योगिक आय में 61वीं रैंक तथा इंटरनेशनल आऊडलुक में 61वीं रैंक हासिल की है। 2021 की इस रैंकिंग में एशिया के 30 देशों के 551 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 'भौतिक विज्ञान' विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड भी मिला था। टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में विश्वविद्यालय को 301-350 रैंक मिला था।

# चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सराहनीय कार्य कर रहे एनसीसी व एनएसएस विद्यार्थी



**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी व एनएसएस विद्यार्थी कोविड-19 महामारी की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। एनसीसी संयोजक डा. राजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के सीनियर एयर विंग की कैडेट सुष्मिता बूरा ने गुरुवार को अत्यंत आपातकालीन स्थिति में पहुँचे एक व्यक्ति को रक्तदान किया। सुष्मिता के पास कैडेट वारंट ऑफिसर रिचित शर्मा की कॉल आई कि किसी व्यक्ति को रक्त की तुरंत आवश्यकता है। वह आपातकालीन स्थिति में है तथा समय का अभाव है। सुष्मिता ने 20 मिनट के सफर को 12 मिनट में तय करके अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी बहादुरी का परिचय दिया और जरूरतमंद को रक्तदान करके एक महान कार्य किया है। एनसीसी संयोजक डा. राजीव कुमार ने बताया कि सुष्मिता बूरा बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अनेकों एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थी इस महामारी की परिस्थितियों में लगातार अलग-अलग कार्यों में अपनी-अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# जीजेयू एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल

## जीजेयू को द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मिला 251-300 रैंक बैंड

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजूकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस रैंकिंग में भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को रैंकिंग मिली हैं। जीजेयू ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में शामिल होने वाला गुजवि प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय 26.9 से 29.6 के स्कोर के साथ भारत में 28वें स्थान पर रहा है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 41.7, टीचिंग में 35.4, इंडस्ट्री इनकम में 33.4, इंटरनेशनल आउटलुक में 14.4 और रिसर्च में 11.1 स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 19वीं रैंक, शिक्षण में 25वीं रैंक, रिसर्च में 54वीं रैंक, औद्योगिक आय में 61वीं रैंक और इंटरनेशनल आउटलुक में 61वीं रैंक हासिल की है। 2021 की इस रैंकिंग में एशिया के 30 देशों के 551 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। कुलपति ने बताया कि टाइम्स हायर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है। जो विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य अभियानों जैसे शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और इंटरनेशनल आउटलुक के आधार पर आंकती है।

कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 90 है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। स्कोपस साइटेशंस 50000 से अधिक हैं जिन्होंने अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। भौतिक विज्ञान विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड भी मिला था।



**रैंकिंग में शामिल होने वाला प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय**

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भारती रहीं प्रथम

**हिसार (ब्यूरो)।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग की ओर से वीरवार को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल विषय पर ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियगिता में एनसीसी थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन व प्रथम हरियाणा एयर विंग बटालियन के 38 कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी के केयरटेकर अधिकारी अनुराग सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, रशमी व दिवांशी ने द्वितीय और रश्मी, अंजलि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. सुनील पंवार, डॉ. अभिमन्यू नैन ने निभाई।




# जीजेयू एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल

## जीजेयू को द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मिला 251-300 रैंक बैंड

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजूकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस रैंकिंग में भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को रैंकिंग मिली हैं। जीजेयू ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में शामिल होने वाला गुजवि प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय 26.9 से 29.6 के स्कोर के साथ भारत में 28वें स्थान पर रहा है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 41.7, टीचिंग में 35.4, इंडस्ट्री इनकम में 33.4, इंटरनेशनल आउटलुक में 14.4 और रिसर्च में 11.1 स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 19वीं रैंक, शिक्षण में 25वीं रैंक, रिसर्च में 54वीं रैंक, औद्योगिक आय में 61वीं रैंक और इंटरनेशनल आउटलुक में 61वीं रैंक हासिल की है। 2021 की इस रैंकिंग में एशिया के 30 देशों के 551 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। कुलपति ने बताया कि टाइम्स हायर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है। जो विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य अभियानों जैसे शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और इंटरनेशनल आउटलुक के आधार पर आंकती है।

कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 90 है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। स्कोपस साइटेशंस 50000 से अधिक हैं जिन्होंने अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। भौतिक विज्ञान विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड भी मिला था।



**रैंकिंग में शामिल होने वाला प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय**

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भारती रहीं प्रथम

**हिसार (ब्यूरो)।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग की ओर से वीरवार को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल विषय पर ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियगिता में एनसीसी थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन व प्रथम हरियाणा एयर विंग बटालियन के 38 कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी के केयरटेकर अधिकारी अनुराग सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, रशमी व दिवांशी ने द्वितीय और रश्मी, अंजलि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. सुनील पंवार, डॉ. अभिमन्यू नैन ने निभाई।



पर्यावरण संरक्षण

विवि में किसी भी रूप में नहीं होगा पीवीसी से बने बैनर, होर्डिंग आदि का प्रयोग

# गुजवि में प्लास्टिक के बाद पीवीसी पर पाबंदी

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और कदम उठाते हुए विवि में पीवीसी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

अब विवि में किसी भी रूप में पीवीसी (पॉलीवाइनिल क्लोराइड) से बने होर्डिंग, बैनर आदि का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। विवि प्रशासन ने पीवीसी के नॉन डिग्रेडेबल होने के कारण यह फैसला लिया है। इससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन प्लास्टिक की बोतल में बंद पानी और नॉन डिग्रेडेबल डिस्पोजल के प्रयोग पर रोक लगाई थी।

**सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं होगा प्रयोग :** विवि में अब किसी भी तरह के सिंगल यूज प्लास्टिक-थर्मोकोल डिस्पोजल सहित अन्य चीजों के प्रयोग पर भी पाबंदी लगाई गई है। विवि प्रशासन के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है हम ऐसी चीजों का प्रयोग करें जो पर्यावरण को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचाएं।

**क्या हैं पीवीसी और प्लास्टिक उत्पादों के नुकसान :** पीवीसी व प्लास्टिक उत्पादों को बायोडिग्रेड नहीं किया जा सकता। ऐसे में पीवीसी व प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। पीवीसी व प्लास्टिक के उत्पादों से केयरइनजोनिक डिआक्सिन गैस बनती है, जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों को जन्म देती है। इससे निकलने वाली सल्फर ऑक्साइड, कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड गैसें आंखों, चर्म व सांस के लिए खतरनाक है। पीवीसी व प्लास्टिक को जलाने से हवा में पीएम यानी पर्टिकुलेट मैटर बढ़ता है, जिससे फेफड़ों में कैंसर सहित सांस की कई बीमारियां पैदा होती हैं।



"महान पर्यावरणविद भगवान गुरु जंभेश्वर के नाम से बने इस विश्वविद्यालय का कर्तव्य है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक कार्य हों। इसी कड़ी में हमने पिछले वर्ष प्लास्टिक व डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाया था और अब पीवीसी से बने होर्डिंग और बैनर को भी बैन कर दिया गया है।

**- प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुजवि।**

# हिसार द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में गुजवि बना हरियाणा प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक मजबूत किया है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस रैंकिंग में भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को रैंकिंग मिली हैं, जिनमें से गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने प्रतिष्ठित एशियाई रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हरियाणा का एकमात्र




विश्वविद्यालय बना है। विश्वविद्यालय 26.9 से 29.6 के स्कोर के साथ भारत में 28वें स्थान पर रहा है।

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 41.7, टीचिंग में 35.4, इंडस्ट्री इनकम में 33.4, इंटरनेशनल आउटलुक में 14.4 तथा रिसर्च में 11.1 स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 19वीं रैंक, शिक्षण में 25वीं रैंक, रिसर्च में 54वीं रैंक, औद्योगिक आय में 61वीं रैंक तथा इंटरनेशनल आऊडलुक में 61वीं रैंक हासिल की है। 2021 की इस रैंकिंग में एशिया के 30 देशों के 551 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। कुलपति ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है जो विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य अभियानों जैसे शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण तथा इंटरनेशनल आउटलुक के आधार पर आंकती है।




**शेयर बाजार**

बीएसई सेंसेक्स 382.95 अंक चढ़कर 52,232.43 अंक के रिकार्ड स्तर पर पहुंचा, वहीं एनएसई निफ्टी 114.15 अंक की बढ़त के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 15,690.35 अंक पर बंद हुआ।

**रुपया**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 18 पैसे मजबूत होकर 72.91 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# जीजेयू द्वारा देशभर में 28वां स्थान प्राप्त करने पर जाम्भाणी साहित्य अकादमी और अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने दी बधाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 4 जून : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने और देशभर में 28वां स्थान हासिल करने पर जाम्भाणी साहित्य अकादमी और अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने बधाई दी है। बधाई देते हुए जाम्भाणी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय प्रेस संयोजक और जीव रक्षा बिश्नोई सभा के हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता पृथ्वी सिंह बैनीवाल ने कहा कि यह न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि हिसार व समस्त हरियाणा के लिए गौरवपूर्ण व ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार की छत्रछाया में अनेकों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कीर्तिमान हासिल किए हैं, जिसके लिए कुलपति व समस्त विश्वविद्यालय बधाई के पात्र हैं।

# द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह पाने वाला जीजेयू बना प्रदेश का एकमात्र विवि, देश में 28वीं रैंकिंग

**वीसी प्रो. टंकेश्वर ने कहा- भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को जगह मिली, जिनमें से जीजेयू ने प्रतिष्ठित एशियाई रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई**

भास्कर न्यूज़ | हिसार

जीजेयू ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक मजबूत किया है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि हासिल की है।

जीजेयू के वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस रैंकिंग लिस्ट में भारत के 63 उच्च शिक्षण संस्थानों को जगह मिली है, जिनमें से जीजेयू ने प्रतिष्ठित एशियाई रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में जीजेयू हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय 26.9 से 29.6 के स्कोर के साथ भारत में 28वें स्थान पर रहा है। वीसी ने बताया कि जीजेयू ने साइटेशंस में 41.7, टीचिंग में 35.4, इंडस्ट्री इनकम में 33.4, इंटरनेशनल आउटलुक में 14.4 और रिसर्च में 11.1 स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 19वीं रैंक, शिक्षण में 25वीं रैंक, रिसर्च में 54वीं रैंक, औद्योगिक आय में 61वीं रैंक और इंटरनेशनल आउटलुक में 61वीं रैंक हासिल की है। 2021 की इस रैंकिंग में एशिया के 30 देशों के 551 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। वीसी ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है जोकि विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य अभियानों जैसे शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और इंटरनेशनल आउटलुक के आधार पर आंकलन करती है। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विद्यार्थियों का विश्वास, शैक्षणिक, विश्वविद्यालय नेतृत्व, उद्योग तथा सरकार आदि बिन्दुओं की विस्तृत एवं संतुलित तुलना के लिए 13 क्षमता प्रदर्शन सूचकों का प्रयोग किया जाता है। एशियाई संस्थानों की रैंकिंग में निर्धारित मापदंडों की गणना विशेष रूप से एशिया संस्थान की क्षमताओं को ध्यान में रखकर गई। प्रदर्शन संकेतकों को शिक्षण, रिसर्च, साइटेशंस, इंटरनेशनल आउटलुक व औद्योगिक आय सहित पांच क्षेत्रों में बांटा गया था। वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार और रजिस्ट्रार प्रो. अवनीश वर्मा ने इस अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। रजिस्ट्रार ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 90 है जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। स्कोपस साइटेशंस 50000 से अधिक हैं जिन्होंने अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई है।

**भौतिक विज्ञान' विषय श्रेणी में मिला था 601-800 रैंक बैंड**

इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 'भौतिक विज्ञान' विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड भी मिला था।

**Congratulations**
**GJUS&T Family**



# EDUCATION NOTES



## GJUST GETS INTERNATIONAL RANKING

**Hisar:** Guru Jambheshwar University of Science and Technology (GJUST), Hisar, has added another feather in its cap by securing rank between 251 and 300 in the globally renowned Times Higher Education Asia University Rankings 2021. Prof Tankeshwar Kumar said a total of 63 higher education institutions have been ranked from India and Gur Jambheshwar University of Science and Technology, is the only university from Haryana to mark its presence in this prestigious Asian rankings. The university is at 28th positior in India with a total score of 26.9 to 29.6. At the national level, the university has secured 19th rank in citations, 25th rank in teaching, 54th rank in research, 61st rank in industr income, 61st rank in international outlook. The 2021 rankings include 551 universities from 30 countries of Asia. The VC said the Times Higher Education World University Ranking is a global performance table that judges research-intensive universities in all their core missions: teaching, research, knowledge transfer and international outlook.

# गुजवि में स्थापित हुआ ऑक्सीजन बैंक : प्रो. टंकेश्वर

**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में ऑक्सीजन बैंक स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस बारे में बताया कि अब विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं रहेगी। विश्वविद्यालय में एक एलुमनाई द्वारा चार ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर और चार ऑक्सीजन सिलेंडर भेंट किए हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अपने पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से विश्वविद्यालय में यह ऑक्सीजन बैंक स्थापित हो पाया है। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी कर्मचारी या विद्यार्थी इस ऑक्सीजन बैंक का भरपूर फायदा ले सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर में जिस तरह ऑक्सीजन को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि



विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील पंवार की देख-रेख में ऑक्सीजन बैंक कर्मचारियों व उनके परिवार के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस ऑक्सीजन बैंक द्वारा विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी किसी भी समय जरूरत पड़ने पर इसका सहयोग ले सकते हैं। कुलपति ने कहा कि कोरोना से लड़ाई यह आक्सीजन बैंक अति उपयोगी होगा। इस बैंक के स्थापित होने से विश्वविद्यालय के कर्मचारी खुश हैं।

# टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में गुजवि हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय, देश में 14वें स्थान पर

**हिसार**/24 जून/रिपोर्टर

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 के बीच रैंक प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपनी उपस्थित दर्ज करवाने वाला गुजविप्रौवि हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। कुलपति ने बताया कि गुजविप्रौवि को 28.0-30.7 का कुल स्कोर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने रैंकिंग के लिए निर्धारित मापदंडों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। इसी आधार पर विश्वविद्यालय को भारत में 14वां और हरियाणा राज्य में पहला स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 18, इंडस्ट्री इनकम में 40.8, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में 22.3, शोध में 14.3 तथा शिक्षण में 54.2 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत से कुल 34 विश्वविद्यालयों/ आईआईटी को इस टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में स्थान मिला है। कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 50 वर्ष या उससे कम उम्र के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 475 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया। 2020 की रैंकिंग में 414 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में तालिका में प्रमुख रूप से 13 प्रदर्शन सूचकों को शामिल किया गया। विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य उद्देश्यों, शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को देखते हुए यह रैंकिंग दी गई है। यह रैंकिंग व्यापक और संतुलित तुलना पर आधारित है। प्रो. अवनीश ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 92 है जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है और कुल स्कोपस साइटेशंस 50000 से अधिक हैं, जिन्होंने अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 'फिजिकल साईंस' विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड मिलाथा। टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में भी विश्वविद्यालय को 301-350 रैंक मिला था। इस रैंकिंग में भारत से आईआईटी, रोपड़ 50.2 के कुल स्कोर के साथ पहले स्थान पर, आईआईटी, इंदौर दूसरे स्थान पर, एमजी विश्वविद्यालय कोट्टायम तीसरे स्थान पर, आईआईटी गांधीनगर चौथे स्थान पर तथा आईआईएसईआर कोलकाता पांचवें स्थान पर रहे।

# टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक बैंड हासिल कर गुजविप्रौवि हिसार बना हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 24 जून : [illegible]





# टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में गुजवि ने लगाई ऊंची छलांग

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 के बीच रैंक प्राप्त हुआ है।

इस रैंकिंग में अपनी उपस्थित दर्ज करवाने वाला गुजवि हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि गुजवि हिसार को 28.0-30.7 का कुल स्कोर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने रैंकिंग के लिए निर्धारित मापदंडों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। इसी आधार पर विश्वविद्यालय को भारत में 14वां और हरियाणा राज्य में पहला स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 18, इंडस्ट्री इनकम में 40.8, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण में 22.3, शोध में 14.3 और शिक्षण में 54.2 अंक प्राप्त किए हैं।



गुजवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। ● जागरण आर्काइव

### दुनिया के 475 विवि को किया था शामिल

कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 50 वर्ष या उससे कम उम्र के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 475 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया। 2020 की रैंकिंग में 414 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया था।

# जीजेयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 रैंक बैंड हासिल किया

**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 के बीच रैंक प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपनी उपस्थित दर्ज करवाने वाला गुजविप्रौवि हिसार हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि गुजविप्रौवि हिसार को 28.0-30.7 का कुल स्कोर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने रैंकिंग के लिए निर्धारित मापदंडों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। इसी आधार पर विश्वविद्यालय को भारत में 14वां और हरियाणा राज्य में पहला स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने साइटेशंस में 18, इंडस्ट्री इनकम में 40.8, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में 22.3, शोध में 14.3 तथा शिक्षण में 54.2 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत से कुल 34 विश्वविद्यालयों/आईआईटी को इस टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में स्थान मिला है। कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 50 वर्ष या उससे कम उम्र के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 475 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया। 2020 की रैंकिंग में 414 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में तालिका में प्रमुख रूप से 13 प्रदर्शन सूचकों को शामिल किया गया। विश्वविद्यालयों को उनके सभी मुख्य उद्देश्यों, शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को देखते हुए यह रैंकिंग दी गई है। यह रैंकिंग व्यापक और संतुलित तुलना पर आधारित है।

प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 92 है जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है और कुल स्कोपस साइटेशंस 50000 से अधिक हैं, जिन्होंने अन्य सभी मापदंडों के साथ रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को इससे पहले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 801-1000 रैंक बैंड में स्थान मिला था। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 'फिजिकल साईंस' विषय श्रेणी में 601-800 रैंक बैंड मिलाथा। टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में भी विश्वविद्यालय को 301-350 रैंक मिला था। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में विश्वविद्यालय को 251-300 के बीच भी स्थान दिया गया। विश्वविद्यालय की रैंकिंग में और अधिक सुधार हुआ है। सुधार का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

# गुरू जम्भेश्वर विवि में इंजीनियरिंग में आरम्भ किए जाएंगे दो नए कोर्स

## दोनों कोर्स वर्तमान समय की मांग, विद्यार्थियों कें लिए होंगे उपयोगीः प्रो. कुमार




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय में सत्र 2020-21 से दो नए कोर्स शुरु किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) की ओर से विश्वविद्यालय को इन कोर्सों को मान्यता दे दी गई है। एआईसीटीई ने विश्वविद्यालय के अन्य तकनीकी कोर्सों की मान्यता भी बढा दी है। विश्वविद्यालय में इस वर्ष से कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इन्टैलीजैन्सी एंड मशीन लर्निंग) तथा इलैक्ट्रोनिक्स एंड बायोमैडिकल इंजीनियरिंग कोर्स आरंभ किए जाएंगे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि एआईसीटीई ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों की मान्यता को भी बढा दिया है। नए शुरु हुए दोनों की कोर्स अंडर ग्रेजुएट स्तर के हैं। इन कोर्सों की वर्तमान समय में बहुत अधिक मांग है। ये दोनों कोर्स समय की जरुरत को ध्यान को रखते हुए आरंभ किए गए हैं। इन कोर्सों से विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढेंगी। विश्वविद्यालय के एआईसीटीई संयोजक प्रो. योगेश छाबा ने बताया कि एआईसीटी ने विश्वविद्यालय के जिन कोर्सों को मान्यता अवधि को बढाया है उनमें फार्मेसी के अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में फार्मेसी तथा पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में फार्माशुटिकल कमेस्ट्री, फार्माशुटिक्स, फार्माकोग्नोसी तथा फार्माकोग्नोलोजी शामिल हैं। मैनेजमैंट में एमबीए, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मैक्नीकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी, प्रिटिंग टेक्नोलोजी, पैकेजिंग टेक्नोलोजी, फूड टेक्नोलोजी, सीविल इंजीनियरिंग तथा इलैक्ट्रीक्ल इंजीनियरिंग शामिल हैं। इंजीनियरिंग टेक्नोलोजी के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों मे मैक्नीकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मास्टर इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, प्रिटिंग टेक्नोलोजी, एनवायरमैन्टल साइंस एंड इंजीनियरिंग, जीईओ इनफोरमैटिक्स, फूड टेक्नोलोजी तथा नैनो टेक्नोलोजी शामिल हैं। एसआईसीटीई ने इस संबंध में विश्वविद्यालय को पत्र जारी कर दिया है।

# एमओयू के तहत नैनो टेक्नोलॉजी बनाएगी दवा वितरण के लिए कृत्रिम सूक्ष्म मछली

**सिटी रिपोर्टर** • जीजेयू के भौतिकी विभाग के लेजर एवं फोटोनिक्स समूह व यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मलेशिया यूटीएम के एडवांस्ड ऑप्टिकल मेटीरियल्स रिसर्च ग्रुप और नॉर्थ-कैंप यूनिवर्सिटी द्वारा एमओयू के अंतर्गत एडवांसिज इन 4डी प्रिंटिंग मेटीरियल्स एंड टेक्नोलॉजी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार में भविष्य की वैज्ञानिक संभावनाओं का खाका खींचा गया। जिसमें यूटीएम के प्रो. डॉ. सिब कृष्णा घोषाल, जीजेयू के प्रो देवेंद्र मोहन व एनसीयू की डॉ. सुनीता शर्मा वेबिनार की वक्ता रहीं। वक्ताओं ने ऑटो, एयरस्पेस और मेडिकल सेल्फ असेंबल मेटीरियल्स, मल्टी-मटेरियल, तापमान संचालित मेटीरियल्स, यूवी संचालित मेटीरियल्स, सेल्फ-डिफोर्मेशन मेटीरियल्स की आवश्यकता के साथ उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्रों में भविष्य की 4डी प्रिंटिंग मेटीरियल्स टेक्नोलॉजी की अवधारणा पर विचार-विमर्श किया। प्रो. देवेंद्र ने बताया कि एक दिन चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित हो जाएगा कि हम त्रि-आयामी मानव प्राणी बना सकेंगे। इसे 3 डी प्रिंटर माना जा सकता है। नैनोटेक्नोलॉजी के उपयोग के साथ, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और रक्षा अनुप्रयोगों के साथ दवा वितरण के लिए कृत्रिम सूक्ष्म मछली बनाना नई अवधारणा होने जा रही है।

# प्रतिष्ठित तकनीकी विश्वविद्यालय रैंकिंग में गुजवि देश में 26वें स्थान पर

हिसार/12 अगस्त/रिपोर्टर

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को इंडिया टुडे-एमडीआर की सर्वश्रेष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालय रैंकिंग-2021 में 26वां स्थान मिला है। यह रैंकिंग इंडिया टुडे समूह की इंडिया टुडे पत्रिका के हाल ही के संस्करण में जारी की गई है। इस प्रतिष्ठित तकनीकी विश्वविद्यालय रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला गुजविप्रौवि प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी देते हुए बताया कि यह रैंकिंग पांच प्रमुख संकेतकों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त इस रैंकिंग में 30 शहरों के 34 कुलपतियों, 87 निदेशकों, अधिष्ठाताओं, कुलसचिवों, 248 वरिष्ठ शिक्षकों के बीच अवधारणात्मक सर्वेक्षण भी किया गया था। उनके अनुभव के संबंधित क्षेत्रों में उनसे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय रैंकिंग ली गई और उन्हें क्रमशः 75 प्रतिशत और 25 प्रतिशत वेटेज दिया गया। उन्होंने विश्वविद्यालयों का पांच प्रमुख मापदंडों में से प्रत्येक पर 10 बिंदु रेटिंग पैमाने पर मूल्यांकन किया। कुलपति काम्बोज ने बताया कि गुजवि ने इनटेक क्वालिटी एंड गवर्नेंस में 133.2, अकादमिक और रिसर्च एक्सीलेंस में 132.5, इंफ्रास्ट्रक्चर और लिविंग एक्सपीरियंस में 93.0 पर्सनैलिटी एंड लीडरशिप डैवलपमैंट तथा करियर प्रोग्रेशन एंड प्लेसमैंट में 53.4 स्कोर अर्जित किया है। विश्वविद्यालय के ऑब्जेक्टिव व लीडरशिप डैवलपमैंट में क्रमशः 520.8 व 527.7 स्कोर हैं। विश्वविद्यालय ने कुल मिलाकर 1048.5 अंक प्राप्त किए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली ने 1885.8 के कुल स्कोर के साथ इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोप्स एच इंडेक्स 94 है जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में विश्व स्तर पर टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में विश्वविद्यालय को 251-300 के बीच स्थान दिया गया है।

# इंडिया टुडे-एमडीआरए बेस्ट टेक्निकल यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 26वें स्थान पर रहा गुजविप्रौवि

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 12 अगस्त :गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने एक और प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को को इंडिया टुडे-एमडीआरए सर्वश्रेष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालय रैंकिंग-2021 में 26वां स्थान मिला है। यह रैंकिंग इंडिया टुडे समूह के इंडिया टुडे पत्रिका के हाल ही के संस्करण में जारी की गई है। इस प्रतिष्ठित तकनीकी विश्वविद्यालय रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला गुजविप्रौवि हिसार हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इंडिया टुडे-एमडीआरए द्वारा सर्वश्रेष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में मिली 26वीं रैंक के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। कुलपति ने भी बताया कि यह रैंकिंग पांच प्रमुख संकेतकों इनटेक क्वालिटी एंड गवर्नेंस, एकेडमिक एंड रिसर्च एक्सीलेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लिविंग एक्सपीरियंस, पर्सनैलिटी एंड लीडरशिप डेवलपमेंट तथा करियर प्रोग्रेस एंड प्लेसमेंट पर आधारित है। इसके अतिरिक्त इस रैंकिंग में 30 शहरों के 34 कुलपतियों, 87 निदेशकों/ अधिष्ठाताओं/ कुलसचिवों, 248 वरिष्ठ शिक्षकों के बीच अवधारणात्मक सर्वेक्षण भी किया गया था। उनके अनुभव के संबंधित क्षेत्रों में उनसे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय रैंकिंग ली गई और उन्हें क्रमश: 75 प्रतिशत और 25 प्रतिशत वेटेज दिया गया। उन्होंने विश्वविद्यालयों का पांच प्रमुख मापदंडों में से प्रत्येक पर 10-बिंदु रेटिंग पैमाने पर मूल्यांकन किया। कुलपति प्रो.



बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने इनटेक क्वालिटी एंड गवर्नेंस में 133.2, अकादमिक और रिसर्च एक्सीलेंस में 132.5, इंफ्रास्ट्रक्चर और लिविंग एक्सपीरियंस में 93.0 पर्सनैलिटी एंड लीडरशिप डेवलपमेंट तथा करियर प्रोग्रेसन एंड प्लेसमेंट में 53.4 स्कोर अर्जित किया है। विश्वविद्यालय के ऑब्जेक्टिव व लीडरशिप डेवलपमैंट में क्रमश: 520.8 व 527.7 स्कोर हासिल किया हैं। विश्वविद्यालय ने कुल मिलाकर 1048.5 अंक प्राप्त किए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली ने 1885.8 के कुल स्कोर के साथ इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने भी इस विश्वविद्यालय परिवार को प्रतिष्ठित रैंकिंग में उनके योगदान के लिए बधाई दी है। कुलसचिव ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय का स्कोपस एच-इंडेक्स 94 है जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। विश्वविद्यालय के कुल स्कोपस साइटेशंस 52952 हैं, जो अपने आप में किसी भी रैंकिंग/ संबद्धता/ मान्यता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय तेजी से प्रगति कर रहा है। विश्वविद्यालय को हाल ही में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 के बीच स्थान दिया गया है और 23 जून 2021 को घोषित विश्व स्तर पर प्रसिद्ध टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में 251-300 के बीच स्थान दिया गया है।




देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ

# गुजवि को एनआईआरएफ रैंकिंग में मिला 88वां स्थान, फार्मेसी वर्ग में 27वां रैंक मिलने से खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार न केवल उच्चस्तरीय रैंकिंग प्राप्त कर रहा है, बल्कि अपनी पूर्व रैंकिंग में सुधार भी कर रहा है। गुरुवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने 88वां रैंक प्राप्त किया है। जबकि फार्मेसी वर्ग में इस वर्ष विश्वविद्यालय को 27वां रैंक मिला है। इस प्रकार विश्वविद्यालय राष्ट्र स्तर के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है, जबकि विश्वविद्यालय का फार्मेसी विभाग राष्ट्रस्तर के शीर्ष 30 विभागों में शामिल हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि इस रैंकिंग ने विश्वविद्यालय के शोध, शिक्षण तथा आधारभूत ढांचे को उच्चस्तरीय राष्ट्रीय पहचान दी है। उन्होंने कहा है कि इस उपलब्धि ने हमें गौरव प्रदान किया है, वहीं इसके साथ हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ी है। हमें न केवल इस रैंकिंग को बनाए रखना है, बल्कि इसमें लगातार सुधार भी करना है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार को और अधिक लगन व मेहनत से कार्य करना होगा। कुलपति प्रो. बलदेवराज काम्बोज ने कहा कि दोनों श्रेणियों में विश्वविद्यालय की श्रेष्ठ रैंकिंग विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैरशिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों का संयुक्त प्रयास है। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय को और अधिक ऊंचाइयां देने के लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि एनआईआरएफ रैंकिंग टीचिंग-लर्निंग एंड रिसोर्सिज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एंड इनक्लुसिविटी तथा पीआर प्रस्पशन सहित पांच मापदंडों पर आधारित है। विश्वविद्यालय ने टीचिंग-लर्निंग एंड रिसोर्सिज में 54.01, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस में 15.61, ग्रेजुएशन आउटकम में 64.44, आउटरीच एंड इनक्लुसिविटी में 47.85 तथा पीआर प्रस्पशन श्रेणी में 26.97 स्कोर हासिल किया है।



## विवि को सराहा

कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग 2020 के मुकाबले इस वर्ष विश्वविद्यालय श्रेणी में छह तथा फार्मेसी श्रेणी में चार पायदान की बढ़त हासिल की है। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने कहा है कि इस रैंकिंग से विश्वविद्यालय परिवार का हौसला बढ़ा है।

# एनआइआरएफ रैंकिंग में मिला 88वां स्थान

**जासं, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल उच्च रैंकिंग प्राप्त कर रहा है, बल्कि पूर्व रैंकिंग में सुधार भी कर रहा है। गुरुवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने 88वां रैंक प्राप्त किया है। विवि राष्ट्र स्तर के शीर्ष 100 विवि में शामिल हो गया है, जबकि विश्वविद्यालय का फार्मेसी विभाग राष्ट्र स्तर के शीर्ष 30 विभागों में शामिल हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने इस रैंकिंग के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस रैंकिंग ने विश्वविद्यालय के शोध, शिक्षण व आधारभूत ढांचे को उच्च स्तरीय राष्ट्रीय पहचान दी है। दोनों श्रेणियों में विश्वविद्यालय की श्रेष्ठ रैंकिंग शिक्षकों, गैरशिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों का संयुक्त प्रयास है। एनआईआरएफ रैंकिंग टीचिंग-लर्निंग एंड रिसोर्सिज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एंड इनक्लुसिविटी और पीआर प्रस्पशन सहित पांच मापदंडों पर आधारित है। विश्वविद्यालय ने टीचिंग-लर्निंग एंड रिसोर्सिज में 54.01, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस में 15.61, ग्रेजुएशन आउटकम में 64.44, आउटरीच एंड इनक्लुसिविटी में 47.85 और पीआर प्रस्पशन श्रेणी में 26.97 स्कोर हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने कुल 39.66 स्कोर प्राप्त किया है।